बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

सं०सं० :–2/अ०प्र०–1–94/2024 3178 /पटना, दिनांक :– 31/12/24

श्री जीवछ प्रसाद, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, त्रिवेणीगंज के संदर्भ मे वॅायरल विडियो में श्री प्रसाद द्वारा अवैध रूप से पैसे के लेन–देन किये जाने के कारण समीक्षोपरांत इन्हें विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2355 दिनांक 30.08.2024 के द्वारा निलंबित किया गया है।

मामले की विस्तृत जाँच हेतु विभागीय कार्यालय आदेश संख्या 37–सह–पठित ज्ञापांक 2395 अनु0 दिनांक 03.09.2024 द्वारा अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग की अध्यक्षता मे त्रि–सदस्यीय जाँच दल का गठन किया गया है। जाँच दल से जॉच प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त रहने के कारण श्री प्रसाद के विरूद्व आरोप पत्र का गठन नहीं किया जा सका है।

वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने मे समय लगने एवं इस आलोक मे आरोप पत्र गठन मे विलंब होने की संभावना के कारण श्री प्रसाद के निलंबन आदेश को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9(7) के तहत निलंबित किये जाने की तिथि से तीन माह की अवधि की समाप्ति की तिथि के प्रभाव से अगले चार माह की अवधि के लिये विस्तारित किया जाता है।

प्रस्ताव मे सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(उज्ज्वल कुमार सिंह)
विशेष सचिव

ज्ञापांक :– 2/अ०प्र०–1–94/2024 3178 /पटना/दिनांक :– 31/12/24

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/वित्त(वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार/पटना/ जिला कोषागार पदाधिकारी, त्रिवेणीगंज/गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव

Phone-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website :-http://rwd.bih.nic.org,, E-mail:Secartary rwd bihar@gmail.com,& secy-reo-bih@nic

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक :— 2/अ0प्र0–1–94/2024 3178 /पटना/दिनांक :— 31/12/24

प्रतिलिपि :— माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य बिभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के निजी सहायक/ अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/ अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग के निजी सहायक/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ अधीक्षण अभियंता, ग्रीमण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधेपुरा/गया/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, त्रिवेणीगंज/ प्रशाखा पदाधिकारी–6, ग्रामीण कार्य विभाग/ विभागीय आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग/श्री जीवछ प्रसाद, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, त्रिवेणीगंज सम्प्रति निलंबित, मुख्यालय– अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, गया का कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव

Phone-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website :-http://rwd.bih.nic.org,, E-mail:Secartary rwd bihar@gmail.com,& secy-reo-bih@